Roll No.---------------------

| Paper Code | | |
|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 |

(To be filled in the OMR Sheet)

प्रश्नपुस्तिका क्रमांक
Question Booklet No.

O.M.R. Serial No.

प्रश्नपुस्तिका सीरीज
Question Booklet Series
**A**

# LL.B (Third Semester) Examination, July-2022

## (LL.B304)

## Property Law

(For Regular/Ex/Back Paper)

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सीरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET) में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर दिया जाता है, तो उसे गलत उत्तर माना जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी ओ०एम०आर० शीट उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

**K-293**

1. The transfer of property Act, 1882 related with transfer of property to:
   (A) By operation of law
   (B) Between Inter-vivos
   (C) Insolvency
   (D) All the above

1. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम 1882 निम्न में से किस सम्पत्ति अन्तरण से सम्बन्धित है :
   (A) विधि के प्रवर्तन द्वारा
   (B) जीवित व्यक्तियों के बीच
   (C) दिवालिए से सम्बन्धित
   (D) उपरोक्त सभी

2. The state government are empowered to exempt any part of its territory from the operation of which section of TPA, 1882 :
   (A) Section 59
   (B) Section 107
   (C) Section 123
   (D) All the above

2. राज्य सरकार सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के किस धारा में छूट देने के लिए अपने राज्य क्षेत्र के किसी भाग में सशक्त है :
   (A) धारा 59
   (B) धारा 107
   (C) धारा 123
   (D) उपरोक्त सभी

3. The 'Rule against perpetuity' is applies to :
   (A) Immovable Property only
   (B) Movable Property only
   (C) Both of above
   (D) None of above

3. 'शाश्वतता के विरूद्ध नियम' लागू होता है :
   (A) केवल अचल सम्पत्ति के सन्दर्भ में
   (B) केवल चल सम्पत्ति के सम्बन्ध में
   (C) उपरोक्त दोनों के सम्बन्ध में
   (D) उपरोक्त कोई नहीं

4. Which one of following is not true about TPA, 1882 ?
   (A) The Act is not exhaustive
   (B) The Act is not sole law relating to transfer of property
   (C) The Act has retrospective operation
   (D) The Act presupposes supplementary laws

4. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के बारे में निम्नलिखित में क्या सत्य नहीं है ?
   (A) अधिनियम स्वतः पूर्ण नहीं है
   (B) अधिनियम, सम्पत्ति अन्तरण व्यवस्था पर एकमात्र विधि नहीं है
   (C) अधिनियम का प्रभाव भूतलक्षी है
   (D) अधिनियम पूरक व्यवस्थाओं पर आधारित है

5. The provisions of conditional transfer is in which section of TPA:

(A) Section-25

(B) Section-23

(C) Section-24

(D) Section-35

5. 'सशर्त अन्तरण' का प्रावधान, सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के किस धारा के अन्तर्गत है :

(A) धारा–25

(B) धारा–23

(C) धारा–24

(D) धारा–35

6. The definition of immovable property including land, benefits arising out of land and things attached to the earth, is given in :

(A) TPA, 1882

(B) Indian Registration Act, 1908

(C) Sale of goods Act, 1930

(D) General Clauses Act, 1897

6. अचल सम्पत्ति की परिभाषा में शामिल है– भूमि, भूमि से होने वाले लाभ, भूमि से संलग्न वस्तुएं। यह परिभाषा दी गयी है :

(A) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882

(B) भारतीय रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908

(C) माल विक्रय अधिनियम, 1930

(D) सामान्य निर्वचन अधिनियम, 1897

7. An abandonment of a claim to property is considered as transfer under TPA :

(A) True

(B) Not True

(C) Partly True

(D) Can not say

7. सम्पत्ति में के दावे का परिव्यपन (परित्याग) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अधीन 'अन्तरण' है :

(A) सत्य है

(B) असत्य है

(C) आंशिक सत्य है

(D) कह नहीं सकते

8. Which of following person is not competent to transfer under TPA :

(A) Minor

(B) Person of unsound mind

(C) Person disqualified by law

(D) All the above

8. निम्नलिखित में से कौन सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत, अन्तरण के लिए सक्षम नहीं है :

(A) अवयस्क

(B) अस्वस्थ मस्तिष्क व्यक्ति

(C) विधि द्वारा अनर्ह (अयोग्य) घोषित व्यक्ति

(D) उपरोक्त सभी

9. "Transferability of a property is a rule, non-transferability is exception". This statement is :

(A) True

(B) False

(C) Partly true

(D) Can not say

9. ''एक सम्पत्ति की अन्तरणीयता नियम है, और अ–अन्तरणीयता अपवाद है'' यह कथन :

(A) सत्य है

(B) असत्य है

(C) आंशिक सत्य है

(D) कह नहीं सकते हैं

10. 'A' sell his house to 'B' with a condition that 'B' can not transfer this house to anyone, except 'X'. Which of following statement is true :

(A) Condition and transfer, both are valid

(B) condition void but transfer is valid

(C) Condition is valid but transfer void

(D) None of above

10. 'A' अपना मकान 'B' को इस शर्त के साथ अन्तरित (विक्रय) करता है कि 'B' यह मकान 'X' के सिवाय, किसी को अन्तरित नहीं करेगा। निम्नलिखित में से कौन कथन सत्य है:

(A) शर्त और अन्तरण, दोनों वैध है

(B) शर्त, शून्य है पर अन्तरण वैध है

(C) शर्त वैध है पर अन्तरण शून्य है

(D) उपरोक्त कोई नहीं

11. The 'Doctrine of subrogation' is related to :

(A) Mortgage
(B) Exchange
(C) Lease
(D) Actionable claim

12. Which of following is an essential for creating interest in favour of an unborn person ?

(A) Creation of life interest in favour of living person at the time of transfer
(B) Birth of unborn person, before end of last life interest person
(C) To give absolute interest to unborn person
(D) All the above

13. The direction for accumulation is an exception of :

(A) Section 10 of TPA
(B) Section 11 of TPA
(C) Section 12 of TPA
(D) None of the above

11. 'प्रत्यासन का सिद्धान्त' सम्बन्धित है :

(A) बंधक से
(B) विनिमय से
(C) पट्‌टा से
(D) अनुयोज्य दावें से

12. एक अजन्मे व्यक्ति के पक्ष में हित सृजित करने के लिए निम्नलिखित में से क्या आवश्यक है ?

(A) अन्तरण के समय एक जीवित व्यक्ति के पक्ष में जीवन हित का सृजन
(B) अन्तिम जीवन हित प्राप्त व्यक्ति का हित समाप्ति के पहले, अजन्में को अस्तित्व में आ जाना चाहिए
(C) अजन्मे को सम्पूर्ण अवशिष्ट हित दिया जाना चाहिए
(D) उपरोक्त सभी

13. संचयन के लिए निर्देश, अपवाद है :

(A) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 10 का
(B) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 11 का
(C) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 12 का
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

14. Which of following interest is not transferable under TPA :
(A) Contingent Interest
(B) Vested Interest
(C) Interest of Lessee
(D) Interest based on possibility of succession

14. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सा हित अन्तरणीय नहीं है :
(A) समाश्रित हित
(B) निहित हित
(C) पट्टा धारी का हित
(D) उत्तराधिकार की संभावना पर आधारित हित

15. The case of Cooper Vs. Cooper (1874) related with :
(A) Transfer by ostensible owner
(B) Lis pendens
(C) Fraudulent Transfer
(D) Doctrine of Election

15. कुपर बनाम कुपर (1874) का वाद सम्बन्धित है :
(A) दृश्यमान स्वामी द्वारा अन्तरण से
(B) लम्बित वाद से
(C) कपटपूर्ण अन्तरण से
(D) निर्वाचन के सिद्धान्त से

16. 'A' entitled to get maintenance from immovable property 'X'. After transfer of property X, to 'B':
(A) 'A' can not get maintenance
(B) 'A' continue get maintenance
(C) 'A' only get maintenance, when transfer will with consideration and transferee has notice
(D) None of above

16. 'A' अचल सम्पत्ति 'X' से भरण पोषण प्राप्त करने का अधिकारी है, सम्पत्ति X, 'B' को अन्तरित होने के पश्चात् :
(A) 'A' भरण–पोषण प्राप्त नहीं कर सकेगा
(B) 'A' भरण–पोषण प्राप्त करना जारी रखेगा
(C) 'A' केवल तभी भरण–पोषण प्राप्त कर सकेगा, जब अन्तरण सप्रतिफल हो और इसकी सूचना अन्तर्गती को हो
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. 'Doctrine of Cypres' related with which section of TPA ?

(A) Section-25

(B) Section-26

(C) Section-27

(D) Section-33

17. 'यथासामीप्य का सिद्धान्त' सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा से सम्बन्धित है ?

(A) धारा–25

(B) धारा–26

(C) धारा–27

(D) धारा–33

18. Benami Transaction (Prohibition of the Right to Recover Property) Act, 1988, restrict to scope of which section of TPA, 1882 ?

(A) Section-35

(B) Section-41

(C) Section-43

(D) Section-52

18. बेनामी संव्यवहार (सम्पत्ति के प्राप्ति के अधिकार का निषेध) अधिनियम, 1988 द्वारा, सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के किस धारा का क्षेत्र सीमित हो गया है ?

(A) धारा–35

(B) धारा–41

(C) धारा–43

(D) धारा–52

19. The law relating to exchange is applicable to :

(A) Movable property

(B) Immovable property

(C) Both (A) & (B)

(D) None of above

19. विनिमय से सम्बन्धित विधि लागू होती है :

(A) चल सम्पत्ति पर

(B) अचल सम्पत्ति पर

(C) दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त कोई नहीं

20. Which of following transfer will be valid under TPA :

(A) 'A' sell property to 'B' absolutely with direction that 'B' can not sell it without 'A' permission

(B) 'A' make a gift to 'B' with condition that it 'B' does not divorce his wife, property revert Back to 'A'

(C) 'A' gift property to his wife, with a condition that his wife can not sell it without 'A' permission

(D) None of above

20. निम्नलिखित में से कौन सा अन्तरण, सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत विधिमान्य है :

(A) 'A' अपनी सम्पत्ति 'B' को इस निर्देश के साथ अन्तरित करता है कि 'B' इस सम्पत्ति को 'A' की अनुमति के बिना नहीं बेचेगा

(B) 'A', 'B' को इस शर्त के साथ सम्पत्ति दान में देता कि यदि 'B' ने अपनी पत्नी को तलाक नहीं दिया, तो सम्पत्ति 'A' के पास वापस आ जाएगी

(C) 'A' अपनी पत्नी को सम्पत्ति दान करता है इस शर्त के साथ कि, पत्नी उस सम्पत्ति को 'A' की अनुमति के बिना नहीं बेच सकेगी

(D) उपरोक्त कोई नहीं

21. "Once a mortgage, always mortgage". the maxim explained by :

(A) Lord Davey

(B) Lord Parker

(C) Lord Devlin

(D) Lord Halsbury

21. सुक्ति ''एक बार का बंधक, सदैव बंधक'' की व्याख्या की गयी थी :

(A) लार्ड डैवे द्वारा

(B) लार्ड पार्कर द्वारा

(C) लार्ड डेवलिन द्वारा

(D) लार्ड हैल्सबरी द्वारा

22. In which o following condition may be consider as clog on redemption ?

(A) Condition of sale in default

(B) Postponement of redemption for long term

(C) Restraint on alienation

(D) All the above

22. निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में, मोचन पर अवरोध माना जा सकता है :

(A) चूक होने पर विक्रय की शर्त

(B) लम्बी अवधि के लिए मोचन का स्थगन

(C) स्वत्व अन्तरण पर रोक

(D) उपरोक्त सभी

23. Which of following is also called Equitable Mortgage :

(A) Anomalous Mortgage

(B) Usutructuary mortgage

(C) Mortgage by deposit of title deed

(D) English mortgage

23. निम्नलिखित में से किसे साम्यिक बंधक भी कहा जाता है :

(A) विलक्षण बंधक

(B) भोग बंधक

(C) हक विलेखों के निक्षेप द्वारा बंधक

(D) अंग्रेजी बंधक

24. In which of the following lease, registered deed is not necessary :

(A) Lease from year to year

(B) Lease reserving a yearly rent

(C) Permanent lease

(D) Lease for a term of one year

24. निम्नलिखित में से किस पट्टें में रजिस्ट्रीकृत विलेख आवश्यक नहीं है :

(A) वर्षानुवर्षी पट्टे

(B) वार्षिक भाटक आरक्षित करने वाले पट्टे

(C) स्थायी पट्टे

(D) एक वर्ष की अवधि के लिए पट्टे

25. Which one of following is not correctly matched :

(A) Marshalling- Section-81
(B) Subrogation- Section-92
(C) Holding over- Section-116
(D) Onerous gift- Section-128

25. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है :

(A) क्रमबंधन – धारा–81
(B) प्रत्यासन – धारा–92
(C) अतिधारण – धारा–116
(D) दुर्भर दान – धारा–128

26. Which of following statement about lease is correct :

(A) It is a right to enjoy property
(B) Transfer of an interest of property
(C) It is transferable and heritable
(D) All the above

26. पट्टे के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है :

(A) यह सम्पत्ति के उपभोग का अधिकार है
(B) सम्पत्ति में के हित का अन्तरण है
(C) यह संक्रमणीय और दाय योग्य है
(D) उपरोक्त सभी

27. The provisions related to gift under TPA, 1882 is applicable to gift between :

(A) Inter vivos
(B) Gift Testamentary
(C) Both of above
(D) None of above

27. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत दान से सम्बन्धित प्रावधान, निम्नलिखित में से किस दान पर लागू होते है :

(A) जीवित व्यक्तियों के बीच
(B) वसीयती दान इच्छापत्र
(C) उपरोक्त दोनों पर
(D) उपरोक्त कोई नहीं

28. Which one of following is not true about provisions related to Universal Donee :

(A) Donee gets only immovable property of doner
(B) Liability of donee extent of property comprised in gift
(C) It is subject to provision of section 127
(D) Provision, object is to protect the interest of creditors

28. निम्नलिखित में से कौन से प्रावधान सर्वस्व अदाता के सम्बन्ध में सत्य नहीं है :

(A) अदाता केवल दाता के अचल सम्पत्ति को प्राप्त करता है
(B) अदाता का दायित्व दान में प्राप्त सम्पत्ति के विस्तार तक सीमित है
(C) धारा 127 के प्रावधानों के अधीन है
(D) इसके उपबन्धों का उद्देश्य ऋण दाताओं के हितों की रक्षा करना है

29. It doner died before acceptance of the gift by donee, the gift will be :

(A) Valid

(B) Void

(C) Voidable

(D) None of above

29. यदि अदाता द्वारा दान की स्वीकृति से पहले दाता की मृत्यु हो जाती है तो दान :

(A) वैध है

(B) शून्य है

(C) शून्यकरणीय है

(D) उपरोक्त कोई नहीं

30. An actionable claim include :

(A) Unsecured money debt

(B) Beneficial interest in movable property

(C) Both (A) and (B)

(D) None of above

30. अनुयोज्य दावों में शामिल है :

(A) अप्रतिभू धन ऋण

(B) चल सम्पत्ति में लाभप्रद हित

(C) उपरोक्त (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त कोई नहीं

31. Exemption of lease for agricultural purposes is mention in the section :

(A) 110 of TPA

(B) 113 of TPA

(C) 115 of TPA

(D) 117 of TPA

31. कृषि प्रयोजनों के लिए पट्टों में छूट किस धारा में उल्लिखित है :

(A) धारा 110 सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम

(B) धारा 113 सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम

(C) धारा 115 सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम

(D) धारा 117 सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम

32. What is not true about subrogation:

(A) It is in section 91 of TPA

(B) It may be legal

(C) It may be conventional

(D) It is based on equity

32. प्रत्यासन के बारे में क्या सत्य नहीं है :

(A) यह सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 91 में उल्लिखित है

(B) यह विधिक हो सकती है

(C) यह रूढ़िगत हो सकती है

(D) यह साम्या पर आधारित है

33. In which of following mortgage, mortgager personally bind himself for repay of mortgage money :
   (A) Mortgage by conditional sale
   (B) Usufructuary mortgage
   (C) Anomalous mortgage
   (D) English Mortgage

34. Determination of lease by forfeiture on the ground :
   (A) Breach of express condition by lessee
   (B) Denial of landlord title
   (C) Insolvency of lessee
   (D) All the above

35. Easement may be :
   (A) Permanent
   (B) For a particular purpose
   (C) For limited period
   (D) All the above

36. Revocation of a gift may be :
   (A) By agreement
   (B) When doner was under undue influence
   (C) Involvement of fraud
   (D) All the above

33. निम्नलिखित में से किस बन्धक में, बन्धक कर्ता, बन्धक धन चुकाने के लिए स्वयं को व्यक्तिगत रूप से आवद्ध करता है :
   (A) सशर्त विक्रय द्वारा बन्धक
   (B) भोग बन्धक
   (C) विलक्षण बन्धक
   (D) अंग्रेजी बंधक

34. किस आधार पर जब्ती के द्वारा पट्टे का पर्यावसान किया जा सकता है :
   (A) पट्टेदार द्वारा अभिव्यक्त शर्त का भंग
   (B) स्वामी के स्वत्व से इंकार पर
   (C) पट्टेदार के दिवालियां होने पर
   (D) उपरोक्त सभी

35. सुधाचार हो सकता है :
   (A) स्थायी
   (B) विशिष्ट प्रयोजन के लिए
   (C) सीमित समयावधि के लिए
   (D) उपरोक्त सभी

36. दान का निरसन हो सकता है जब :
   (A) करार हो
   (B) जब दान कर्ता, दान के समय अनुचित दबाव प्रभाव में हो
   (C) कपट शामिल हो
   (D) उपरोक्त सभी

37. Case Rajesh Kant Rai V. Shanti Devi (1957) related with :

(A) Vested interest
(B) Contingent interest
(C) Doctrine of Election
(D) Doctrine of Cypress

37. राजेश कांत राय बनाम शांति देवी (1957) का वाद सम्बन्धित है :

(A) निहित हित से
(B) समाश्रित हित से
(C) निर्वाचन के सिद्धान्त से
(D) यथा सामीप्य के सिद्धान्त से

38. Which one of following is not correct about gift under TPA :

(A) It is applicable to both movable and immovable property
(B) Acceptance by donee during lifetime of doner is necessary
(C) Donee must be competence to contract
(D) Gift of immovable property must be registered

38. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत दान के बारे में निम्नलिखित में से क्या सत्य नहीं है :

(A) यह चल और अचल, दोनों सम्पत्ति पर लागू होता है
(B) दाता के जीवन काल में ही, दान अदाता द्वारा स्वीकृत होना चाहिए
(C) अदाता को हमेशा संविदा सक्षम होना चाहिए
(D) अचल सम्पत्ति का दान रजिस्ट्रीकृत होना चाहिए

39. Which of following can not be transferred in if natural form under TPA :

(A) Air
(B) Water
(C) Sun light
(D) All the above

39. निम्नलिखित में से कौन अपने प्राकृतिक स्वरूप में, सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत, अन्तरित नहीं की जा सकती :

(A) हवा
(B) जल
(C) सूर्य का प्रकाश
(D) उपरोक्त सभी

40. A gift comprising both existing and future property. The gift is :

(A) Valid for both
(B) Valid for existing property only
(C) Void for both
(D) None of above

40. एक दान जिसमें वर्तमान और भावी दोनों सम्पत्तियां समाहित हो, ऐसा दान :

(A) दोनों सम्पत्तियो के सम्बन्ध में विधिमान्य होगा
(B) केवल वर्तमान सम्पत्ति के सम्बन्ध में विधिमान्य होगा
(C) दोनों सम्पत्तियों के सन्दर्भ में शून्य होगा
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

41. Easement that needs act of man for its enjoyment is :

(A) Continuous Easement
(B) Discontinuous Easement
(C) Apparent Easement
(D) None of above

41. ऐसा सुखाचार, जिसके उपभोग के लिए मनुष्य के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, कहा जाता है :

(A) सतत् सुखाचार
(B) असतत् सुखाचार
(C) प्रकट सुखाचार
(D) उपरोक्त में कोई नहीं

42. Customary easement must be :

(A) Based on local custom
(B) Ancient
(C) Reasonable
(D) All the above

42. रूढ़िक सुखाचार होना चाहिए :

(A) स्थानीय रूढ़ी पर आधारित
(B) प्राचीन
(C) युक्तियुक्त
(D) उपरोक्त सभी

43. Easement of necessity mentioned in which section of easement Act, 1882 :

(A) Section-11
(B) Section-13
(C) Section-15
(D) Section-16

43. सुखाचार अधिनियम, 1882 की किस धारा में आवश्यकता जनित सुखाचार का प्रावधान है :

(A) धारा–11
(B) धारा–13
(C) धारा–15
(D) धारा–16

44. Provision related to gift, when donee is liable to pay all liability personally of the doner at the time of gift is in :

(A) Section- 125 of TPA

(B) Section- 127 of TPA

(C) Section- 128 of TPA

(D) Section- 129 of TPA

44. दान से सम्बन्धित प्रावधान जिसमें अदाता, दाता के समस्त दायित्वों के लिए वैयक्तिक रूप दायी होता है जो दान के समय दाता पर है ऐसा प्रावधान है :

(A) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 125

(B) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 127

(C) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 128

(D) सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 129

45. Onder section 4 of TPA, 1882 provisions of section 59, 107 and 123 should be read as supplemental to :

(A) General clauses Act, 1897

(B) Indian contract Act, 1872

(C) Indian Registration Act, 1908

(D) None of above

45. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 की धारा 4 के प्रावधान के अनुसार धारा 59, 107 और 123 के प्रावधानों को निम्नलिखित में से किसके अनुपूरक के रूप में पढ़ा जाना चाहिए:

(A) सामान्य निर्वचन अधिनियम, 1897

(B) भारतीय संविदा अधिनियम, 1872

(C) भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908

(D) उपरोक्त कोई नहीं

46. Which of following is an actionable claim :

(A) Claim for arrears of rent

(B) Right to get damages under tort

(C) Right to get damages under contract for breach

(D) All the above

46. निम्नलिखित में से कौन अनुयोज्य दावा है :

(A) किराए के अवशेष के लिए दावा

(B) अपकृत्य के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार

(C) संविदा भंग के लिए क्षतिपूर्ति का अधिकार

(D) उपरोक्त सभी

47. What are the essential of a valid transfer :
   (A) Property should be transferable
   (B) Transferor must be competent
   (C) consideration and object must be lawful
   (D) All the above

47. एक विधि मान्य अन्तरण के लिए क्या आवश्यक है :
   (A) सम्पत्ति अन्तरणीय होनी चाहिए
   (B) अन्तरण कर्ता सक्षम होना चाहिए
   (C) अन्तरण का प्रतिफल व उद्देश्य विधिपूर्ण होना चाहिए
   (D) उपरोक्त सभी

48. "Right of action for damages in tort can not be transferred."
   This statement is :
   (A) True
   (B) Not true
   (C) Can not say
   (D) None of above

48. ''अपकृत्य के अन्तर्गत क्षतिपूर्ति के लिए कार्यवाही का अधिकार, अन्तरित नहीं किया जा सकता है'' यह कथन है :
   (A) सत्य
   (B) असत्य है
   (C) कह नहीं सकते
   (D) उपरोक्त कोई नहीं

49. 'Easement' is defined in which section of Easement Act, 1882 :
   (A) Section-2
   (B) Section-3
   (C) Section-5
   (D) None of above

49. सुखाचार अधिनियम, 1882 की किस धारा में 'सुखाचार' परिभाषित है :
   (A) धारा–2
   (B) धारा–3
   (C) धारा–5
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. Which one of following is true ?
   (A) A minor can not transfer property
   (B) A minor can be transferee
   (C) Transferor should not be unsound mind
   (D) All the above

50. निम्नलिखित में से क्या सत्य है ?
   (A) एक अवयस्क सम्पत्ति का अन्तरणकर्ता नहीं हो सकता है
   (B) एक अवयस्क, अन्तरिती हो सकता है
   (C) अन्तरणकर्ता अस्वस्थ्य मस्तिष्क का नहीं होना चाहिए
   (D) उपरोक्त सभी

51. What may be transferred under TPA, 1882 ?

(A) Spes successionis
(B) Personal Rights
(C) Actionable claim
(D) Res Nullius

51. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत क्या अन्तरित किया जा सकता है :

(A) संभाव्य उत्तराधिकार
(B) व्यक्तिगत अधिकार
(C) अनुयोज्य दावा
(D) रेस नलियस

52. Lease made to minor is :

(A) Voidable
(B) Void
(C) Valid
(D) None of above

52. अवयस्क को किया गया पट्टा है :

(A) शून्य करणीय
(B) शून्य
(C) विधिमान्य है
(D) उपरोक्त कोई नहीं

53. Which of following person can transfer the property :

(A) Owners
(B) Person having power of Attorney
(C) Manager of Joint Hindu Family
(D) All the above

53. निम्नलिखित में से कौन व्यक्ति सम्पत्ति का अन्तरण कर सकते हैं :

(A) स्वामी
(B) पावर ऑफ एटार्नी धारण करने वाला व्यक्ति
(C) संयुक्त हिन्दू परिवार का प्रबंधक/कर्ता
(D) उपरोक्त सभी

54. The transfer of Property Act, came into force on :

(A) 1 January, 1882
(B) 1 July, 1882
(C) 1 April, 1882
(D) 1st july 1883

54. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम लागू हुआ :

(A) 1 जनवरी, 1882
(B) 1 जुलाई, 1882
(C) 1 अप्रैल, 1882
(D) 1 जुलाई, 1883

55. Under TPA, transfer of spes successionis is :

(A) Valid

(B) Void

(C) Voidable

(D) None of above

55. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत संभाव्य उत्तराधिकार का अन्तरण :

(A) विधिमान्य है

(B) शून्य है

(C) शून्यकरणीय है

(D) उपरोक्त कोई नहीं

56. 'Notice' mean under TPA is :

(A) Knowledge or information of fact

(B) Notice may be constructive

(C) Registration is a notice only for subsequent transferee

(D) All the above

56. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत सूचना का अर्थ है :

(A) तथ्य का ज्ञान या जानकारी

(B) सूचना प्रलक्षित भी हो सकती है

(C) पंजीकरण केवल परवर्ती अन्तरिती के लिए सूचना है

(D) उपरोक्त सभी

57. Which one of following is immovable property ;

(A) Sheesham

(B) Teak wood

(C) Bamboo trees

(D) Mahua tree

57. निम्नलिखित में से एक कौन अचल सम्पत्ति है:

(A) शीशम

(B) सागौन

(C) बाँस

(D) महुआ वृक्ष

58. Chapter II$^{nd}$ of TPA, 1882 shall not be deemed to effect any rule of:

(A) Hindu Law

(B) Muslim Law

(C) Christian Law

(D) All the above

58. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 का अध्याय–2 निम्नलिखित में से किसके नियम को प्रभावित करने वाला नहीं समझा जाएगा :

(A) हिन्दू विधि

(B) मुस्लिम विधि

(C) ईसाई विधि

(D) उपरोक्त सभी

59. Under TPA, 1882, the term 'attested' means attested by :

(A) Minimum two witnesses

(B) An illiterate can be witnesses

(C) Both (A) and (B) are true

(D) None of above are true

59. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत 'अनुप्रमाणन' का अर्थ निम्न द्वारा अनुप्रमाणित है :

(A) कम से कम दो साक्षियों द्वारा

(B) एक अनपढ़ (असाक्षर) भी साक्षी हो सकता है

(C) दोनों (A) और (B) सही है

(D) उपरोक्त कोई सही नहीं है

60. Which one is not true about 'Transfer of Property' under section 5 of TPA :

(A) Transfer between Intervivos

(B) Transfer can be in present or future

(C) Transfer can be in form of release or surrender

(D) An unregistered company including in living persons

60. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा–5 के अन्तर्गत सम्पत्ति के अन्तरण के सन्दर्भ में निम्नलिखित में क्या एक सत्य नहीं है ?

(A) जीवित व्यक्तियों के बीच अन्तरण

(B) अन्तरण वर्तमान या भविष्य में हो सकता है

(C) अन्तरण समर्पण या परित्याग के रूप में हो सकता है

(D) जीवित व्यक्ति में एक अपंजीकृत कम्पनी भी शामिल है

61. "Family Arrangement is not considered as transfer of property". The statement is :

(A) True

(B) Not True

(C) Can not say

(D) Partly True

61. ''पारिवारिक व्यवस्था सम्पत्ति का अन्तरण नहीं है'' यह कथन है :

(A) सत्य है

(B) असत्य है

(C) कह नहीं सकते

(D) आंशिक सत्य है

62. An easement may be acquired by :

(A) Prescription

(B) Local custom

(C) Necessity

(D) All the above

62. सुखाचार को अर्पित किया जा सकता है :

(A) चिरभोग द्वारा

(B) स्थानीय रूढ़ि द्वारा

(C) आवश्यकता द्वारा

(D) उपरोक्त सभी

63. For lawful transfer of property there must be at least :

(A) Two persons

(B) One person can transfer himself in different capcity

(C) Both (A) and (B) are correct

(D) None of above

63. एक विधिपूर्ण अन्तरण के लिए कम से कम ________ व्यक्ति होने चाहिए।

(A) दो व्यक्ति

(B) एक व्यक्ति स्वयं को अन्य क्षमता में अन्तरण कर सकता है

(C) दोनों (A) और (B) सही है

(D) उपरोक्त कोई नहीं

64. Section-9 of transfer of property Act, 1882 is related with :

(A) Oral Transfer

(B) Operation of transfer

(C) Competency of parties

(D) None of above

64. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 की धारा–9 सम्बन्धित है :

(A) मौखिक अन्तरण से

(B) अन्तरण के प्रभाव से

(C) पक्षकारों की सक्षमता से

(D) उपरोक्त कोई नहीं

65. The principle of 'Nemo dat Quod Non Habet' related with which section of TPA :

(A) Section-5

(B) Section-7

(C) Section-11

(D) Section-19

65. 'नेमो डेट कोड नान हैबेट' का सिद्धान्त सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा से सम्बन्धित है :

(A) धारा–5

(B) धारा–7

(C) धारा–11

(D) धारा–19

66. The principle of 'Lis Pendens' under TPA is pertains to :

(A) Public policy

(B) Bonafide purchaser

(C) Auction sale

(D) None of above

66. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत 'लम्बितवाद' का सिद्धान्त सम्बन्धित है :

(A) लोक नीति से

(B) सद्भावी क्रेता

(C) नीलामी बिक्री से

(D) उपरोक्त कोई नहीं

67. Doctrine of Holding out is related with which section of TPA :

(A) Section-39

(B) Section-41

(C) Section-43

(D) Section-52

67. 'फैलाव का सिद्धान्त' सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के किस धारा से सम्बन्धित है :

(A) धारा–39

(B) धारा–41

(C) धारा–43

(D) धारा–52

68. 'Lis pendens' means :

(A) A suit which is sub-Judice

(B) An exception of principle of res-judicata

(C) An earlier judgment put restrictions on subsequent Judgement

(D) None of above

68. 'लम्बित वाद' का अर्थ है :

(A) ऐसा वाद जो न्यायालय में विचाराधीन हो

(B) प्राड़ग न्याय के सिद्धान्त का अपवाद है

(C) एक पूर्व निणर्य जो आने वाले वादों पर रोक लगाता है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

69. Case of Bellamy V. Sabine (1857) related with :

(A) Lis Pendens

(B) Election

(C) Feeding the grant by Estoppel

(D) Ostensible owner

69. बेल्लमी बनाम सैवाइन (1857) का वाद सम्बन्धित है :

(A) लम्बित वाद से

(B) निर्वाचन से

(C) विबन्ध द्वारा परिपोषण से

(D) दृश्यमान स्वामी से

70. "The equitable principle that if a person promise more than he can perform, then he must fulfil the promise, when he get ability to do so." The above principle related with ________ TPA.

(A) Section-35
(B) Section-41
(C) Section-43
(D) Section-48

70. ''साम्यिक सिद्धान्त कि कोई व्यक्ति जितना वह पूरा कर सकता है, उससे अधिक का वचन देता है तब उसे अपने वचन को पूरा करना चाहिए, जब वह वैसा करने की योग्यता पाता है'' यह सिद्धान्त सम्बन्धित है सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की :

(A) धारा–35 से
(B) धारा–41 से
(C) धारा–43 से
(D) धारा–48 से

71. An exception of 'Nemo Dat Quod Non Habet' is :

(A) Section 11 and 12 of TPA
(B) Section 13 and 14 of TPA
(C) Section 25 and 26 of TPA
(D) Section 41 and 43 of TPA

71. सूत्र 'नेमो डेट कोड नान हैबेट' का अपवाद सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किन धाराओं में है :

(A) धारा 11 और 12
(B) धारा 13 और 14
(C) धारा 25 और 26
(D) धारा 41 और 43

72. Which one is not true about 'Fraudulent transfer' under TPA :

(A) Transfer made with intent to delay creditors
(B) Transfer made with intent to defeat subsequent purchaser interest
(C) Such transfer shall be void
(D) None of above

72. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत कपटपूर्ण अन्तरण के सन्दर्भ में क्या सत्य नहीं है ?

(A) ऐसा अन्तरण जो लेनदारों को देरी कराने के आशय से किया गया हो
(B) किसी पश्चातवर्ती अन्तरिती के हित को पराजित करने के आशय से किया गया हो
(C) ऐसा अन्तरण शून्य होगा
(D) उपरोक्त कोई नहीं

73. Charge can be created by :

(A) Operation of law

(B) Act of parties

(C) Both of (A) and (B)

(D) None of above

73. भार सृजित किया जा सकता है :

(A) विधि के प्रवर्तन द्वारा

(B) पक्षकारों के कार्य द्वारा

(C) उपरोक्त दोनों (A) और (B) द्वारा

(D) उपरोक्त कोई नहीं

74. The seller is under duty to bound to disclose ___________ about property to sell.

(A) Patent defect in property

(B) Latent material defect in property

(C) Both (A) and (B)

(D) None of above

74. विक्रेता विक्रय की जा रही सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से क्या प्रकट करने के कर्तव्य से बाध्य है :

(A) सम्पत्ति के दृश्यमान त्रुटियों को

(B) अर्न्तनिहित सारवान दोष को

(C) दोनों (A) और (B) को

(D) उपरोक्त कोई नहीं

75. Case Noabes V. Rice (1902) related with :

(A) Right of redemption

(B) Right of consolidation

(C) Right of Foreclosure

(D) None of above

75. नोक्स बनाम राइस (1902) का वाद सम्बन्धित है :

(A) मोचन के अधिकार से

(B) समेकन का अधिकार

(C) पुरोबन्ध का अधिकार

(D) उपरोक्त कोई नहीं

76. Which statement true about condition subsequent :

(A) It must be per formed strictly

(B) Illness can be taken as plea for non compliance of condition

(C) Both (A) and (B) are true

(D) None of above are true

76. निम्नलिखित में से कौन सा कथन पश्चावर्ती शर्तो के बारे में सत्य है :

(A) इसका कठोरता से पालन होना चाहिए

(B) शर्त के अपालन के लिए बीमारी का अभिवाक् लिया जा सकता है

(C) दोनों (A) और (B) सत्य है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं सत्य हैं

77. 'Rule of Acceleration' related with _______ section of TPA.

(A) Section-27

(B) Section-29

(C) Section-31

(D) Section-34

77. 'त्वरितप्राप्ति का नियम' सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा से सम्बन्धित है :

(A) धारा–27

(B) धारा–29

(C) धारा–31

(D) धारा–34

78. 'A' make a gift of his house to 'B'. He simply executes the gift deed but does not specify any date on which the ownership is to be transferred. the interest of 'B' is :

(A) Vested interest

(B) Contingent Interest

(C) Both of above (A) and (B)

(D) None of above

78. 'A' अपने मकान का दान 'B' को करता है और सामान्य रूप से दान विलेख का निष्पादन करता है किन्तु उसमें कोई तिथी निर्धारित नहीं करता कि अन्तरण कब से प्रभावी होगा। 'B' का हित है :

(A) निहित हित

(B) समाश्रित हित

(C) उपरोक्त दोनों (A) और (B)

(D) उपरोक्त कोई नहीं

79. An exception of Rule Against Accumulation is :

(A) Payment of debt

(B) Raising portion for maintenance

(C) Preservation of property

(D) All the above

79. संचायन के विरूद्ध नियम का अपवाद है :

(A) ऋणों का भुगतान

(B) भरण पोषण के लिए भाग का उपबन्ध

(C) सम्पत्ति का परिरक्षण

(D) उपरोक्त सभी

80. Under TPA 'Doctrine of Election' based on :

(A) Public Policy

(B) Equity

(C) Estoppel

(D) None of above

80. 'निर्वाचन का सिद्धान्त' सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत' आधारित है :

(A) लोक नीति पर

(B) साम्या पर

(C) विबन्ध पर

(D) उपरोक्त कोई नहीं

81. Which one of following is not true:

(A) Benami Transaction Act, 1988 is prohibitory in nature

(B) There is no exception in Benami transaction Act, 1988

(C) Purchase of property, in the name of wife is not Benami

(D) None of above

81. निम्नलिखित में से क्या सत्य नही है :

(A) बेनामी संव्यवहार अधिनियम, 1988 की प्रकृति प्रतिषेधात्मक है

(B) बेनामी संव्यवहार अधिनियम 1988 में कोई अपवाद नहीं है

(C) पत्नी के नाम पर खरीदी गयी सम्पत्ति बेनामी नहीं है

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

82. Interest which is created to tabe effect on uncertain future event happenes and transferable is :

(A) Vested Interest

(B) Contingent Interest

(C) Life Interest

(D) None of above

82. ऐसा हित जो भविष्य की किसी अनिश्चित घटना के घटित होने पर प्रभावी होता है और अन्तरणीय हो, तो ऐसा हित होता है :

(A) निहित हित

(B) समाश्रित हित

(C) जीवन हित

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. Which one of following is not correct statement ?

(A) The vested interest confers complete title

(B) In contingent interest , transferee has future possible right

(C) Vested interest is transferable

(D) Contingent interest is heritable

83. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) निहित हित, पूर्ण स्वत्व प्रदान करता है

(B) समाश्रित हित में अन्तरिती को भविष्य में संभावित हित प्राप्त होता है

(C) निहित हित अन्तरणीय है

(D) समाश्रित हित, उत्तराधिकार योग्य है

84. 'A' transfer Rs. 1 Lac to his niece 'C', if she will desert her husband 'B'.
Which of following statement is true related to also statement :
(A) Condition and transfer, both are valid
(B) Condition and transfer, both are void
(C) Condition void, transfer valid
(D) None of the above

84. 'A' अपनी भतीजी 'C' को इस शर्त के साथ 1 लाख रूपये अन्तरित करता है कि वह अपने पति 'B' का अभित्याग कर दे। इस कथन से सम्बन्धित निम्न में से क्या सत्य है :
(A) शर्त और अन्तरण, दोनों वैध है
(B) शर्त और अन्तरण दोनों शून्य है
(C) शर्त शून्य है, अन्तरण वैध है
(D) उपरोक्त कोई नहीं

85. How many binds of mortgage in transfer of property Act, 1882 ?
(A) 5
(B) 6
(C) 7
(D) 8

85. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत कितने प्रकार के बन्धक है ?
(A) 5
(B) 6
(C) 7
(D) 8

86. Which of following is latent material defect in section 55 of TPA ?
(A) Defective title of seller
(B) A right of easement
(C) Restrictive covenants
(D) All the above

86. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा 55 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन अर्न्तनिहित सारवान दोष है ?
(A) विक्रेता के स्वत्व में त्रुटि
(B) सुखाचार का अधिकार
(C) निर्बन्धित प्रसंविदा
(D) उपरोक्त सभी

87. The law relating to exchange under TPA is apply to :
(A) Only immovable property
(B) Only movable property
(C) Both (A) and (B)
(D) None of above

87. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत, विनिमय से सम्बन्धित विधि लागू होती है :
(A) केवल अचल सम्पत्ति पर
(B) केवल चल सम्पत्ति पर
(C) दोनों (A) और (B) पर
(D) उपरोक्त कोई नहीं

88. The case of Girijesh Dutt Vs. Datadin (1934) related with :

(A) Transfer to unborn persons

(B) Rule against perpetuity

(C) Rule against Accumulation

(D) None of above

88. गिरिजेश दत्त बनाम दातादीन (1934) का वाद सम्बन्धित है :

(A) अजन्मे को अन्तरण से

(B) शाश्वतता के विरूद्ध नियम से

(C) संचयन के विरूद्ध नियम से

(D) उपरोक्त कोई नहीं

89. An exception of general rule of Inter vivos is in which section of TPA :

(A) Section 7

(B) Section 11

(C) Section 13

(D) Section 27

89. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के अन्तर्गत जीवित व्यक्तियों के बीच अन्तरण के सामान्य सिद्धान्त का अपवाद, निम्नलिखित में से किस धारा में है :

(A) धारा 7

(B) धारा 11

(C) धारा 13

(D) धारा 27

90. Principle of 'Rule against perpetuity is not applicable in :

(A) When property transferred for benefits of public

(B) Personal agreement

(C) Vested interest

(D) All the above

90. 'शाश्वतता के विरूद्ध नियम' का सिद्धान्त निम्नलिखित में से किस पर लागू नहीं होता है:

(A) जब सम्पत्ति का अन्तरण लोक फायदे के लिए हो

(B) व्यक्तिगत संविदाए

(C) निहित हित

(D) उपरोक्त सभी

91. Which one of following is not a complete transfer ?

(A) Sale

(B) Exchange

(C) Gift

(D) Lease

91. निम्नलिखित में से कौन पूर्ण अन्तरण नहीं है :

(A) विक्रय

(B) विनिमय

(C) दान

(D) पट्टा

92. The rule laid down in the case of Tulk Vs. Moxhay (1848) is related with :

(A) Section 10 to TPA
(B) Section 11 of TPA
(C) Section 13 of TPA
(D) Section 19 of TPA

92. टल्क बनाम मोक्से (1848) के वाद में निर्धारित नियम सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के किस धारा से सम्बन्धित है ?

(A) धारा 10
(B) धारा 11
(C) धारा 13
(D) धारा 19

93. Section 11 of TPA is not application to the transfer of :

(A) Sale
(B) Gift
(C) Exchange
(D) Lease

93. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की धारा–11 निम्नलिखित में से किस अन्तरण पर लागू नहीं होती :

(A) विक्रय
(B) दान
(C) विनिमय
(D) पट्टा

94. Which of following is not a immovable property ?

(A) Flower plant
(B) Right to collect lac from trees
(C) Right to way
(D) Right to use water from stream

94. निम्नलिखित में से कौन अचल सम्पत्ति नहीं मानी जा सकती है :

(A) फूलदार पौधे
(B) पेड़ों से लाख इकट्ठा करने का अधिकार
(C) रास्ते का अधिकार
(D) झरने के जल के उपयोग का अधिकार

95. Which of following will be considered as transfer of property?

(A) Surrender
(B) Family settlement
(C) Portion
(D) None of the above

95. निम्नलिखित में से कौन–सा सव्यवहार सम्पत्ति का अन्तरण माना जाएगा :

(A) अभ्यर्पण
(B) पारिवारिक समझौता
(C) विभाजन
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. Section 38 to 53 A of TPA, applied on :

(A) Movable property only
(B) Immovable property only
(C) Both movable and Immovable property
(D) None of above

96. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, की धाराए 38 से 53 A तक लागू होती है :

(A) केवल चल सम्पत्ति पर
(B) केवल अचल सम्पत्ति पर
(C) चल और अचल दोनों सम्पत्तियों पर
(D) उपरोक्त कोई नहीं

97. In TPA, 1882 the lease related to transfer of :

(A) Movable property
(B) Immovable property
(C) Both (A) and (B)
(D) None of above

97. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत पट्टा सम्बन्धित है :

(A) चल सम्पत्ति के अन्तरण से
(B) अचल सम्पत्ति के अन्तरण से
(C) दोनों (A) और (B) से
(D) उपरोक्त कोई नहीं

98. In which section of TPA rights and liabilities of lessee in mention ?

(A) Section 107
(B) Section 108
(C) Section 110
(D) Section 111

98. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम के किस धारा में पट्टाधारी के अधिकार व दायित्व उल्लिखित है?

(A) धारा 107
(B) धारा 108
(C) धारा 110
(D) धारा 111

99. The case of Ram Coomar Koondoo Vs. Macqueen (1872) related with which section of TPA:

(A) Section 35
(B) Section 41
(C) Section 43
(D) Section 52

99. रामकुमार कून्डू बनाम मैक्वीन (1872) का वाद, सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा से सम्बन्धित है :

(A) धारा 35
(B) धारा 41
(C) धारा 43
(D) धारा 52

100. Transfer of Property Act, 1882 having total sections from 1 to :

(A) 134
(B) 136
(C) 137
(D) 139

100. सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत कुल धाराए है, धारा 1 से :

(A) 134 तक
(B) 136 तक
(C) 137 तक
(D) 139 तक

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet (O.M.R ANSWER SHEET) completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the answer will be marked as wrong.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **(O.M.R ANSWER SHEET).**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination, please hand over the **O.M.R. SHEET** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.